# कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन)

**मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड**

ब्लॉक नं.-9, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर -482008

फोन नं. 2702615-0761 :
फैक्स नं 2665805-0761 :.

ई मेल : mppgcl@mp.nic.in
वेबसाइट : www.mppgcl.mp.gov.in


**का.नि.(मा.सं.एवं प्र.)/अधी.अभि.(प्रशिक्षण)** 2105

**जबलपुर, दिनांक** 9 MAY 2025

**मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत छात्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु एक वर्षीय On-the-Job-Training (OJT) प्रदान करने के लिए आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन।**

म.प्र.पॉ.जन.कं.लि. जबलपुर मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी है, म.प्र. के स्थानीय निवासी अभ्यार्थियों के लिये जिनकी शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई. (इंजीनियरिंग अथवा नॉन-इंजीनियरिंग) /डिप्लोमा (इंजीनियरिंग)/स्नातक (इंजीनियरिंग अथवा नॉन- इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण हो, से मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1232/1234356/2023/42-2 दिनांक 19.05.2023 के माध्यम से लागू मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, लाईनमेन, इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), स्टेनो (हिन्दी), स्टेनो (इंगलिश), सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मानव संसाधन एवं अकाउंट जैसे विषयों पर औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को उद्योग उन्मुख एक वर्षीय On-the-Job-Training (OJT) प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करती है। उक्त प्रशिक्षण (एक वर्षीय) हेतु वर्तमान में कुल 559 रिक्तियां है. जो कि CE (HR&A) कार्यालय जबलपुर , क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, सारनी, बिरसिंहपुर, चचाई, खंडवा, जबलपुर, मंदसौर, नागपुर, सिरमौर, उमरिया, अशोकनगर, शहडोल, रीवा, सतना, शिवपुरी में रिक्त है, जिनका स्थापनावार एवं विषयवार विवरण संलग्न है।

नोटः- उक्त रिक्तियाँ केवल म.प्र. के स्थानीय निवासी अभ्यार्थियों के लिए हैं, ऐसे अभ्यार्थी जिन्होने उक्त योजना के तहत पूर्व मे प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया हैं, इस योजना हेतु पुन: योग्य नही होंगे।

**1. योजना के तहत पात्रताः**

1.1 आयु संगणना तिथि: 01.01.2025

1.2 अभ्यार्थियों की आयु 18 से 29 वर्ष होनी चाहिए।

1.3 शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई. (इंजीनियरिंग अथवा नॉन-इंजीनियरिंग) डिप्लोमा (इंजीनियरिंग) स्नातक (इंजीनियरिंग अथवा नॉन-इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण होना चाहिए।

1.4 योजना के तहत चयनित युवा को छात्र-प्रशिक्षणार्थी कहा जाएगा।

1.5 रिक्तियों की संख्या अंतिम है तथा समीक्षा के दौरान यह संख्या परिवर्तित हो सकती हैं।

1.6 प्रशिक्षण की अवधि केवल 1 वर्ष (12 माह) रहेगी।

**2. चयन प्रक्रियाः**

2.1 म.प्र.पॉ.जन.कंपनी लिमि. जबलपुर द्वारा निर्धारित की गयी अंतिम समय सीमा दिनांक 31.05.2025 तक प्राप्त आवेदनों की उप-स्थानवार विस्तृत सूची, उप-स्थान लॉगिन क्रेडेशियल का उपयोग करके डाउनलोड की जावेगी तथा OJT जिले के उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए पाठ्यक्रमवार शैक्षणिक योग्यता जैसे आई टी आई (इंजीनियरिंग अथवा नॉन-इंजीनियरिंग) /डिप्लोमा (इंजीनियरिंग) स्नातक

(इंजीनियरिंग अथवा नॉन इंजीनियरिंग) में प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर वरियता कम (मेरिट आधार) में चयन किया जावेगा। समान अंक होने पर अधिक आयु वाले अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। आवश्यकता होने पर वेटिंग लिस्ट से चयन किया जायेगा।

2.2 चयन होने पर चयनित अभ्यार्थी को मुख्य मंत्री सीखों कमाओ योजना के आनलाईन पोर्टल पर आनलाईन कांट्रैक्ट ऑफर किया जावेगा जिसे चयनित अभ्यार्थी द्वारा निर्धारित समायावधि में स्वीकार अथवा अस्वीकार करना होगा। यदि चयनित अभ्यार्थी द्वारा निर्धारित समायावधि में आनलाईन कांट्रैक्ट को स्वीकार अथवा अस्वीकार नहीं किया गया तो आनलाईन कांट्रैक्ट स्वतः ही निरस्त हो जावेगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं चयनित अभ्यार्थी की ही होगी।

2.3 चयनित उम्मीदवारों की सूची पृथक से जारी नहीं की जावेगी। अतः उम्मीदवारों को समय-समय पर मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना के आनलाईन पोर्टल का अवलोकन करना होगा।

2.4 निर्धारित समयावधि में ज्वाइन न करने पर चयन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

2.5 चयनित उम्मीदवार को OJT जिले के अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु कहीं भी संलग्न किया जा सकता है।

2.6 यदि किसी अभ्यार्थी द्वारा पूर्व में उक्त योजनांतर्गत प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है तो वह अभ्यार्थी पुनः आवेदन नहीं कर सकता। ऐसा पाये जाने पर अभ्यार्थी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगा।

2.7 विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त आवदेनों के आधार पर बनाई गई वरीयता सूची तथा प्रकाशित रिक्तियों एवं इस अवधि में समय-समय में उद्भूत होने वाली रिक्तियों की पूर्ति इस वरीयता सूची के अनुसार की जा सकेगी।

**3. स्टाईपेण्डः-**

अपर सचिव, मध्य प्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशानुसार स्टाईपेण्ड देय होगा जो वर्तमान में निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कोर्स के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | छात्र-प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिमाह भुगतान की जाने वाली स्टाईपेण्ड की कुल राशि (रु.में.) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिष्ठान द्वारा छात्र-प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में प्रतिमाह भुगतान की जाने वाली स्टाईपेण्ड की कुल राशि (न्यूनतम स्टाईपेण्ड की 25% राशि) (रु.मे.) | राज्य शासन के द्वारा छात्र प्रशिक्षणार्थियों को DBT के माध्यम से प्रतिमाह भुगतान की जाने वाली स्टाईपेण्ड की कुल राशि (न्यूनतम स्टाईपेण्ड की 75% राशि) (रु.मे.) | कुल राशि (रु.मे.) |
| 1. | आईटीआई उत्तीर्ण | 2125 | 6375 | 8500 |
| 2. | डिप्लोमा उत्तीर्ण | 2250 | 6750 | 9000 |
| 3. | स्नातक उत्तीर्ण या उच्च | 2500 | 7500 | 10000 |

**नोटः** उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते लाभ की पात्रता नहीं होगी। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण की निर्धारित अवधि (1) वर्ष तक ही स्टाइपेण्ड दिया जावेगा। यदि किसी छात्र-प्रशिक्षणार्थी द्वारा प्रशिक्षण अवधि के मध्य प्रशिक्षण छोड़ा जाता है तो प्रशिक्षण के शेष बचे दिवसों का भुगतान नहीं किया जावेगा, न ही वे बाद में प्रशिक्षण पूर्ण किए जाने हेतु मांग कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत **मोबाइल एप्लिकेशन में दर्ज उपस्थिति एवं कार्यालय द्वारा सत्यापित उपस्थिति के अनुसार ही मासिक स्टाईपेण्ड** का भुगतान किया जावेगा। उपस्थिति के सबंधं मे अंतिम निर्णय म.प्र.पॉ.जन.कंपनी लिमि. के संबंधित कार्यालय/पॉवर स्टेशन के अवलोकन में होगा।

**4. चिकित्सा/स्वास्थ्य मानकः**

4.1 किसी भी योग्य व पात्र आवेदक का अंतिम चयन चिकित्सा फिटनेस के आधार पर ही किया जावेगा।

**5. आवेदन कैसे करें:**

5.1 अभ्यार्थी को मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना के आनलाईन पोर्टल (https://mmsky.mp.gov.in/Web/Candidate/Registration) के माध्यम से आवेदन करना होगा।

52 इस योजना में पंजीयन करने के लिए समग्र आईडी अनिवार्य है।

5.3 समग्र आईडी में पंजीकृत मोबाइल एवं ई-मेल सक्रिय/उपलब्ध होना चाहिए।

5.4 समग्र पोर्टल पर आवेदक का आधार ई-केवाईसी किया जाना आवश्यक है। (यहाँ ई-केवाईसी का आशयं समग्र पोर्टल पर आधार डाटा का ओटीपी या बायोमेट्रिक के माध्यम से मिलान है)

5.5 समग्र आईडी में ई-केवाईसी करवाने एवं चेक करने हेतु समग्र पोर्टल (https://samagra.gov.in) पर जाये। समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी के पश्चात स्टेटस अपडेट होने में सामान्यतः 24 घंटे लगते है।

5.6 अभ्यार्थी पंजीयन करने के पश्चात प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉगिन कर अपनी प्रोफाइल पूर्ण करें।

5.7 अभ्यार्थी पोजना अंतर्गत पात्रता के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (12वीं/ आईटीआई/डिप्लोमा) की जानकारी दर्ज करें। इसके लिए संबंधित अंकसूची की सॉफ्टकॉपी (अधिकतम आकार 500KB. प्रकार केवल पीडीएफ) तैयार रखें।

5.8 बैंक खाता आधार से लिंक एवं डीबीटी सक्रिय होना चाहिए। स्टाइपेण्ड आपके आधार लिंक खाते में ही प्राप्त होगा।

5.9 आवेदक अपना पंजीयन करने के पश्चात संलग्न रिक्तियों के विरुद्ध आवेदन कर सकते है।

5.10 केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होगा।

5.11 ऑनलाईन आवेदन दिनांक 24.04.2025 से प्रातः10:00 बजे से प्रारंभ हो चुके है जो दिनांक 05.06.2025 की रात्रि 12:00 बजे तक भरे जायेंगे। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेगे।

5.12 पंजीकरण में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला स्तरीय आई टी आई से संपर्क किया जा सकता है।

**6. महत्तवपूर्ण निर्देश एवं शर्ते:**

6.1 अभ्यार्थी कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि वे उक्त योजनांतर्गत प्रशिक्षण के लिये आवश्यक योग्यता रखते है तथा उनके द्वारा दी गई सभी जानकारियां सहीं है।

6.2 प्रशिक्षण हेतु रिक्तियों केवत म.प्र. के स्थानीय निवासी अभ्यार्थियों के लिए है।

6.3 यदि चयन प्रक्रिया अथवा प्रशिक्षण के दौरान किसी भी समय यह ज्ञात होता है कि अभ्यार्थी निर्धारित अहर्ताओं एवं पात्रता को पूर्ण नहीं करते हैं और कंपनी की आवश्यकताओं अनुरूप कार्य नहीं कर पाते हैं. अथवा उन्होंने योग्यता/अहर्ताओं से संबन्धित कोई भी जानकारी छुपाई है। गलत जानकारी दी गई है. तो उनकी उम्मीदवारी को निरस्त की जा सकेगी अथवा प्रशिक्षण समाप्त किया जा सकेगा।

6.4 विज्ञापन के आधार पर किये गये आवेदन पर किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाही का निराकरण, मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना एवं लागू संशोधनों के प्रावधानुसार किया जावेगा।

6.5 अभ्यार्थी चयन हेतु म.प्र.पा.जन.कंपनी लिमि. जबलपुर द्वारा लागू किए गए स्थापित नियमों एवं भविष्य में लागू किए जाने वाले सभी नियमों एवं विनियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

6.6 म.प्र.पॉ.जन.कंपनी लिमि. जबलपुर को बिना पूर्व नोटिस या कारण बताए चयन प्रक्रिया को रद्द करने/सीमित करने/बढ़ाने का अधिकार होगा।

6.7 चयन न होने की स्थिति में उम्मीदवारों द्वारा कोई भी पत्राचार या पूछताछ स्वीकार नहीं किया जावेगा।

6.8 अभ्यार्थी ध्यान रखें कि यह विज्ञापन केवल On-the-Job-Training के लिए है। म.प्र.पॉ.जन.कंपनी लिमि. जबलपुर मे नियमित नौकरी या रोजगार के लिए नहीं। प्रशिक्षण के उपरांत म.प्र.पॉ.जन. कंपनी लिमि. जबलपुर किसी भी अभ्यार्थी को रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई विचार किया जाएगा।

**मुख्य अभियंता (मा.सं. एवं प्रशा.)**
**म.प्र.पॉ.जन.कं.लि. जबलपुर**

Annexure-A

| Qualification | SN | Trade/ Branch/ Function | Tenure of Training | Place of Posting | | | | | | | | | | | | Overall Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | HQ Jabalpur | TPS | | | | | HPS | | | | | | |
| | | | | Total HQ Jabalpur | ATPS | STPS | SSTPP | SGTPS | Total TPS | GSHPS, Gandhi sagar | THC, Sirmour | MK HPS, Shivpuri | PHPS, Totladoh | RABSHPS, Bargi | Total HPS | |
| 12th Pass | 1 | Secretarial Assistant | 1 year | 17 | 12 | 19 | 4 | 3 | 38 | 4 | 2 | 2 | 0 | 2 | 10 | 65 |
| | | **Sub total(12th Pass)** | | 17 | 12 | 19 | 4 | 3 | 38 | 4 | 2 | 2 | 0 | 2 | 10 | 65 |
| ITI | 1 | Electrician | 1 year | 0 | 9 | 7 | 13 | 1 | 30 | 4 | 6 | 2 | 4 | 2 | 18 | 48 |
| | 2 | Fitter | 1 year | 0 | 5 | 10 | 13 | | 28 | 4 | 5 | 2 | 1 | 2 | 14 | 42 |
| | 3 | Diesel Mechanic | 1 year | 0 | 2 | 4 | | | 6 | | | | | 1 | 1 | 7 |
| | 4 | Machinist | 1 year | 0 | 1 | 3 | | | 4 | | | | | | 0 | 4 |
| | 5 | Mechanic | 1 year | 0 | | | | 1 | 1 | | | | | | 0 | 1 |
| | 6 | Motor Mechanic | 1 year | 0 | 1 | | | | 1 | | | | | | 0 | 1 |
| | 7 | COPA | 1 year | 3 | | 1 | | 1 | 2 | | | | | 1 | 1 | 6 |
| | 8 | Welder | 1 year | 0 | | | 10 | | 10 | | | | | | 0 | 10 |
| | 9 | Draughtsman (Civil) | 1 year | 4 | | 1 | | | 1 | | | | | | 0 | 5 |
| | 10 | Asst. Draughtsman (Civil) | 1 year | 0 | | 2 | | | 2 | | | | | | 0 | 2 |
| | 11 | Draughtsman (Mechanical) | 1 year | 0 | | 1 | | | 1 | | | | | | 0 | 1 |
| | 12 | Electronics Mechanic | 1 year | 0 | | 5 | | | 5 | | | | | | 0 | 5 |
| | 13 | Civil | 1 year | 0 | | 25 | | | 25 | | | | | | 0 | 25 |
| | 14 | Instrument Mechanic | 1 year | 0 | | | | | 0 | | | | 1 | | 1 | 1 |
| | 15 | Plumber | 1 year | 0 | | | | | 0 | | | | 1 | | 1 | 1 |
| | 16 | Auto Mechanic | 1 year | 0 | | | | | 0 | | | | 1 | | 1 | 1 |
| | 17 | Instrumentation | 1 year | 0 | | | | | 0 | | | 1 | | | 1 | 1 |
| | | **Sub total (ITI)** | | 7 | 18 | 59 | 36 | 3 | 116 | 8 | 11 | 5 | 8 | 6 | 38 | 161 |
| Diploma | 1 | Lab Technician (Paramedic) | 1 year | 0 | 1 | | | | 1 | | | | | | 0 | 1 |
| | 2 | ECG Technician (Paramedic) | 1 year | 0 | 1 | | | | 1 | | | | | | 0 | 1 |
| | | **Sub total (Diploma)** | | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Graduate | 1 | Mechanical Engg | 1 year | 9 | 4 | 7 | 20 | 2 | 33 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 7 | 49 |
| | 2 | Electrical Engg. | 1 year | 10 | 2 | 8 | 15 | 2 | 27 | 4 | 4 | 2 | 2 | 3 | 15 | 52 |
| | 3 | Electrical & Electronics Engg. | 1 year | 0 | | 10 | | | 10 | | | | | | 0 | 10 |
| | 4 | Electronics Engg. | 1 year | 0 | | | 10 | | 10 | | | | | | 0 | 10 |
| | 5 | Electronics/ Instrumentation Engg. | 1 year | 0 | 2 | | | | 2 | | | | | | 0 | 2 |
| | 6 | Electronics & Communication Engg. | 1 year | 0 | | | | 1 | 1 | | | | | | 0 | 1 |
| | 7 | CS Engg. | 1 year | 21 | 1 | | | | 1 | | | 1 | | | 1 | 23 |
| | 8 | Civil Engg. | 1 year | 14 | 2 | 15 | 10 | | 27 | | | | | | 0 | 41 |
| | 9 | BSc (Science, Nursing) | 1 year | 0 | 3 | | | | 3 | | | | | | 0 | 3 |
| | 10 | B. Com. / M Com./ BCA/ CA (Inter)/ ICWA (Inter) | 1 year | 31 | 16 | 8 | 16 | 6 | 46 | 1 | 6 | 1 | 1 | 1 | 10 | 87 |
| | 11 | BSc (Chemistry) | 1 year | 0 | | 3 | 10 | | 13 | | | | | | 0 | 13 |
| | 12 | HR Exec (Payroll & Employee Data Management) | 1 year | 0 | | 2 | 10 | | 12 | | | | | | 0 | 12 |
| | 13 | IT | 1 year | 15 | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 28 |
| | | **Sub total (Graduate)** | | 100 | 32 | 55 | 93 | 13 | 193 | 8 | 13 | 6 | 5 | 6 | 38 | 331 |
| | | **Total** | | 124 | 64 | 133 | 133 | 19 | 349 | 20 | 26 | 13 | 13 | 14 | 86 | 559 |

CE(HR&A)
MPPGCL, Jabalpur